राष्ट्रदूत 4
उदयपुर, मंगलवार 23 अप्रैल, 2013

मेवाड़ की विंटेज कार रॉल्स रॉयस पर लिखी पुस्तक का विमोचन

उदयपुर,(कासं)। गत वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के पेबल बीच में आयोजित दुनियाभर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में उदयपुर के मेवाड़ घराने की विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) को अपनी श्रेणी में दुनिया भर में प्रथम नवाजा गया।

मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों, पेबल बीच में आयोजित समारोह के साथ विजेता कार की संपूर्ण यात्रा वृतांत दर्शाया गया है। पुस्तक में सामग्री संकलन विटेंज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शन सिटी पैलेस के प्रबंधक अनु विक्रम सिंह करजाली ने किया है। जबकि सहयोग बॉब रूपानी एवं गौतम सैन ने किया है।

- 197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में मेवाड़ घराने की ऐतिहासिक कारों का संपूर्ण वृतांत दर्शाया गया
- पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने किया

इस संपूर्ण समारोह पर महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष तथा एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स उदयपुर के चेयरमैन अरविंद सिंह मेवाड़ के निर्देश पर लिखी पुस्तक 'द रॉयल उदयपुर आरआरजीएलके 21 क्लासिक ड्राइव फ्रॉम डर्बी टू उदयपुर टू पेबल बीच एण्ड...कंटीन्यूस' (कॉफी टेबल बुक) का सोमवार को यहां सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास पैलेस में विमोचन किया गया।

197 पेजों एवं 261 रंगीन चित्रों के साथ प्रकाशित इस किताब में पुस्तक का प्रकाशन महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ने करवाया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के ऐतिहासिक सिटी पैलेस के जनाना महल के कोने में वर्षों से रखी विंटेज कार '1924 रॉल्स रॉयस 20 एचपी, बारकर ट्योरर' (जीएलके 21) गत वर्ष अगस्त माह में अमेरिका के कैलिफॉर्निया प्रांत के पेबल बीच में आयोजित दुनिया भर की विंटेज कारों की प्रतियोगिता में सिरमौर नवाजी गई। इस ऐतिहासिक शानदार कार को प्राप्त हुए विश्व स्तरीय सम्मान को महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के प्रबंध न्यासी एवं अध्यक्ष तथा एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स उदयपुर के चेयरमैन अरविंद सिंह मेवाड़ ने स्वयं प्राप्त किया। पेबल बीच गोल्फ कोर्स में आयोजित चार दिवसीय समारोह में विश्व के विंटेज कारों के जानकार चुनिंदा जजों के पैनल ने उदयपुर की इस ऐतिहासिक एवं विंटेज कार को प्रथम पुरस्कार स्वरूप ल्यूकस बीब ट्रॉफी प्रदान की थी।



उदयपुर के गार्डन होटल स्थित विंटेज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शंस के संग्रह में रखी विंटेज कार।

इस पुस्तक में विजेता विंटेज कार का प्रतियोगिता में जाने से पूर्व की स्थिति, यात्रा वृतांत, प्रतियोगिता में भागीदारी तथा पुरस्कार जीतने के बाद पुनः उदयपुर आगमन के साथ ही मेवाड़ घराने में अब तक इस विंटेज कारों का योगदान शाही मेहमानों का इनमें आगमन, विंटेज कारों का रखरखाव, विटेंज एण्ड क्लासिक कार कलेक्शन में कारों का अमूल्य संग्रह विंटेज कारों को लेकर देश एवं देश के मेहमानों के शुभकामना संदेश, पूर्व में मेवाड़ के महाराणाओं के लवाजमे में विंटेज कारों का प्रयोग, श्वेत-श्याम एवं रंगीन चित्रों के साथ अंग्रेजी भाषा में सार सहित दर्शाया गया है। यह पुस्तक सिटी पैलेस संग्रहालय के उदया म्यूजियम बुक शॉप से प्राप्त की जा सकती है।